**न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, पाली**
**पीठासीन अधिकारी :: श्री भागीरथ बिश्नोई, आर.ए.एस.**
**गुण्डा एक्ट प्र.सं. : 06/2017**

| **सायल :–** | **बनाम** | **गैरसायलः–** |
|---|---|---|
| सरकार जरिये जिला पुलिस अधीक्षक पाली | | बंटी पुत्र रमेश जाति हरिजन निवासी कालुजी की बगेची पाली, पुलिस थाना कोतवाली पाली |

**इस्तगासा अन्तर्गत धारा 2(ख)/1/3 राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975**

**उपस्थित :**
सायल की ओर से सहायक लोक अभियोजक प्रथम श्रेणी पाली
श्री गोपाल चौहान, विद्वान अभिभाषक गैरसायल

**:: निर्णय ::**

दिनांकः– 20/03/2018

सायल जिला पुलिस अधीक्षक पाली की ओर से दिनांक 31.08.2015 को गैरसायल बंटी पुत्र रमेश जाति हरिजन निवासी कालुजी की बगेची पाली, पुलिस थाना कोतवाली पाली के विरूद्व राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा 3 के अन्तर्गत परिवाद/सूचना प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया कि गैरसायल थाना कोतवाली पाली का आपराधिक प्रवति का व्यक्ति है जिसके खिलाफ वर्ष 2007 से इस्तगासा पेश करने की अवधि में 11 आपराधिक प्रकरण दर्ज हुए है, सभी प्रकरण पुलिस थाना कोतवाली पाली में दर्ज हुए है। अधिकांश प्रकरणों में दोषसिद्ध घोषित किया जाकर सजा से दण्डित किया गया है। जिनका विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र. स. | थाना | मु.नं./दिनांक | धारा | न्यायालय निर्णय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोतवाली | 571/17.12.2007 | 147,148,149,323,341,325 भादस | 08.05.2012 को सीजेएम कोर्ट पाली से राजीनामा |
| 2 | कोतवाली | 37/01.02.2009 | 341,323,324, भादस | जैर ट्रायल |
| 3 | कोतवाली | 144/06.04.2009 | 147,341,323,325 भादस | 22.02.2014 को सीजेएम कोर्ट पाली से दोषमुक्त |
| 4 | कोतवाली | 467/16.11.2009 | 147,148,149,323,341,325 भादस | 11.12.2012 को सीजेएम कोट पाली से राजीनामा |
| 5 | कोतवाली | 217/14.05.2012 | 13 आरपीजीओ | 25.05.2012 को सीजेएम कोर्ट पाली से 100 रू जुर्माना |
| 6 | कोतवाली | 233/20.05.2012 | 13 आरपीजीओ | 25.05.2012 को सीजेएम कोर्ट पाली से 100 रू जुर्माना |
| 7 | कोतवाली | 506/14.11.2012 | 341,323,327/34 भादस | जैर ट्रायल |
| 8 | कोतवाली | 587/28.10.14 | 13 आरपीजीओ | 100 रूपये जुर्माना |
| 9 | कोतवाली | 522/26.10.2015 | 13 आरपीजीओ | 01.12.2015 को एसीजेएम कोर्ट से 100 रू जुर्माना |
| 10 | कोतवाली | 154/25.03.2016 | 323,341, भादस | जैर ट्रायल |
| 11 | कोतवाली | 418/13.09.2016 | 13 आरपीजीओ | 27.09.2016 को एसीजेएम कोर्ट से 100 रू जुर्माना |

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
पाली

उपरोक्त दर्ज चालान सुदा प्रकरणों एवं रोजनामचा आम मे दर्ज रपटों से यह बखूबी साबित है कि गैरसायल बंटी पुत्र रमेश जाति हरिजन निवासी कालुजी की बगेची पाली, पुलिस थाना कोतवाली पाली जुऐ के धंधे में लिप्त है, जो बावजूद सजा के भी निरन्तर अपराध प्रवृति में लिप्त है। जो आदतन जुआरी होने से आम जनता में भय व्याप्त है एवं लोग गैरसायल के भय से पुलिस को सूचना देने से कतराते है। निरन्तर अपराध करने से जनता में दुष्प्रभाव पडता है व पुलिस की छवि पर भी लोगो का अविश्वास प्रकट होने की पूर्ण संभावना बनी रहती है। अतः इस्तगासा बरखिलाफ गैरसायल के अन्तर्गत धारा 2 (ख)(1)/3 राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया कि उक्त अपराधी को गुण्डा घोषित कर जिले से निष्कासन हेतु कानूनी कार्यवाही करावे।

सायल की ओर से पेश प्रकरण इस न्यायालय में पंजीबद्ध किया गया। उक्त परिवाद/सूचना पर यह न्यायालय प्रथम दृष्टया संतुष्ट होकर कि गैरसायल के विरूद्ध धारा 3 राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 के तहत कार्यवाही करने के पर्याप्त आधार पत्रावली पर मौजूद है। जिस पर गैरसायल के विरूद्ध लगाये गये आरोपो की सामान्य प्रकृति की सूचना हेतु धारा 3 राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 का नोटिस मय जिला पुलिस अधीक्षक पाली की सूचना/परिवाद की तामिल करवाई गई। गैरसायल ने उक्त परिवाद का कोई जवाब नहीं दिया तथा न ही कोई शहादत सूची प्रस्तुत की।

ए0पी0पी0 एवं विद्वान अभिभाषक गैरसायल की बहस सुनी गई। सरकारी पैरोकार ने अपनी बहस में कथन किया कि गैरसायल पुलिस थाना कोतवाली पाली का अव्वल दर्जे का बदमाश है, जिससे विरूद्ध विभिन्न प्रकरण न्यायालय में दर्ज है तथा गैरसायल को विभिन्न प्रकरणों में दोषसिद्ध घोषित किया गया है। गैरसायल का आम जनता में इतना भय है कि लोग इसके विरूद्ध सूचना देने में भी कतराते है, जिससे आम जनता में पुलिस की छवि पर दुष्प्रभाव पडता है। गैरसायल आदतन जुआरी है, जो बावजूद सजा के भी निरन्तर अपराध में लिप्त है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार करावें एवं गैरसायल को गुण्डा घोषित कराते हुए जिले से निष्कासन के आदेश पारित करावें।

वकील गैरसायल ने अपनी बहस में कथन किया कि गेरसायल को न्यायालय द्वारा परीविक्षा का लाभ दिया गया है तथा गेरसायल किसी भी रूप में जुऐ का धन्धा नहीं करता है। गैरसायल के विरूद्ध इस्तगासा दायर करने से छह माह पूर्व कोई आदेश पारित नहीं किया है। इस कारण गैरसायल गुण्डा एक्ट की परिधी में नहीं आता है। अतः कार्यवाही निरस्त करावे। विद्वान अभिभाषक अप्रार्थी ने अपनी बहस के समर्थन में आर0एल0डब्ल्यु0 2002 (4) पेज 2181 में प्रतिपादित न्यायिक सिद्धान्त की प्रति प्रस्तुत की।

बहस पर मनन किया तथा पत्रावली का अवलोकन, अनुशीलन एवं विश्लेषण किया। पत्रावली के संलग्न दस्तावेजात् के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि गैरसायल के विरूद्ध माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सा.द.) पाली द्वारा प्रकरण संख्या 238/2016 में पारित निर्णय दिनांक 27.09.2016 के तहत आदेश पारित करते हुए राजस्थान पब्लिक गेम्बलिंग आध्यादेश 1949 की धारा 13 के अपराध में दोषसिद्ध घोषित करते हुए 100 रूपये से दण्डित किया गया। इसी प्रकार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पाली के प्रकरण संख्या 227/2011 में पारित निर्णय दिनांक 25.05.2011 के तहत आदेश पारित करते हुए राजस्थान पब्लिक गेम्बलिंग आध्यादेश 1949 की धारा 13 के अपराध में दोषसिद्ध घोषित करते हुए 100 रूपये के दण्ड से दण्डित किया गया। इस प्रकार पत्रावली पर गैरसायल गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 2 में विहित गुण्डा की परिभाषा में शुमार पाया जाता है। अतः

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
पाली

उपरोक्त प्रकरणों को दृष्टिगत रखते हुए गैरसायल राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 2(ख)(1)/3 के तहत गुण्डा की श्रेणी में आता है।

पत्रावली पर उपलब्ध रेकर्ड एवं दस्तावेजात् के आधार पर गैरसायल बंटी पुत्र रमेश जाति हरिजन निवासी कालुजी की बगेची पाली, पुलिस थाना कोतवाली पाली को गुण्डा घोषित किया जाता है तथा राजस्थान गुण्डा अधिनियम 1975 की धारा 3(3)(क) के तहत एक माह की अवधि के लिए पुलिस थाना कोतवाली, पाली से निष्काषित कर पुलिस थाना खिवाड़ा जिला पाली के नियन्त्रण में रखे जाने के आदेश दिये जाते है। गैरसायल आज की तारीख से 15 दिवस पश्चात अर्थात दिनांक 05.04.2018 से 30 दिन के लिये पुलिस थाना जैतारण जिला पाली में सप्ताह में एक बार अर्थात 30 दिन में चार बार अपनी उपस्थिति देगा तथा थानाधिकारी खिंवाडा जिला पाली गैरसायल की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे एवं रिपोर्ट इस न्यायालय को प्रेषित करेंगे। गैरसायल इस अवधि में नेकचलन रहेगा तथा सदाचार एवं शांति बनाये रखेगा। गैरसायल अपने पास किसी प्रकार का मादक पदार्थ हथियार/शस्त्र नही रखेगा तथा किसी आपराधिक गतिविधि में कर्ता/दुष्प्रेरक के रूप में भाग नही लेगा एवं न ही किसी आपराधिक कार्य में सहायता करेगा। गैरसायल बंटी, इस आदेश की पालना हेतु स्वयं का मुचलका 10 हजार रूपये एवं इसी कदर मौतबिर जमानत अधिनियम की धारा 7 के तहत पेश कर तस्दीक करायेगा। थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली पाली गैरसायल मोहम्मद बंटी को पुलिस अभिरक्षा में उक्त नियत तिथि को पुलिस थाना खिंवाडा जिला पाली की सीमा में पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। थानाधिकारी खिंवाडा उनके यहां गैर सायल की उपस्थिति की सूचना इस न्यायालय को भिजवाना सुनिश्चित करेंगे एवं थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली पाली अपने थाना क्षेत्र में गैरसायल के वापस लौटने की सूचना इस न्यायालय को प्रेषित करेंगे। निर्णय की प्रमाणित प्रतिलिपी तहरीर के साथ थानाधिकारी खिंवाडा एवं थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली पाली को भिजवाई जावे।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट पाली (राजस्थान)

(भागीरथ बिश्नोई)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
पाली
**अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रट, पाली**

निर्णय आज दिनांक **.20.03.2018.** को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर बाद हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(भागीरथ बिश्नोई)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
पाली
**अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रट, पाली**